CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE Grant-2

9.2 ½

भोजपुरी साहित्य का संक्षिप्त परिचय

एवं

भोजपुरी का प्रकाशित साहित्य

सम्पादक

पाण्डेय नर्मदेश्वर सहाय

प्रकाशक

भोजपुरी परिवार, पटना-३

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

प्रथम संस्करण सं० २०२७

स्वत्वाधिकार :
पाण्डेय नर्मदेश्वर सहाय

दाम :
एक रुपया

मुद्रक :
ईंकार प्रेस, न्यू मार्केट, पटना—१

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

समर्पण

भोजपुरी भाषा के अनन्य प्रेमी

तथा

कवि की कोमल भावनाओं और मानवीय सदाशयता

के

प्रतीक

श्री शिवनन्दन प्रसाद 'हर्षवर्द्धन'

अधीक्षण अभियन्ता,

लोक निर्माण विभाग, बिहार

के

कर-कमलों में

भोजपुरी परिवार, पटना

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

सम्पादक की ओर से दो शब्द

बिहार सरकार के अनुवाद विभाग में विधि-विशेषज्ञ-समिति के सदस्य होने के नाते, पारिभाषिक शब्दों के क्षेत्र में काम करने का मौका आज करीब १५ वर्षों से मिल रहा है। कहीं-कहीं पारिभाषिक शब्दों की गढ़न में क्षेत्रीय भाषाओं से बहुत सहायता मिलती और यह कार्य करते--करते भोजपुरी भाषा-साहित्य और उसके शब्द भंडार की ओर मेरा ध्यान गया। तभी से भोजपुरी की गरिमा और इसके विस्तृत साहित्य की छानवीन मैं करने लगा। अनेक शब्द रत्नों के ढूँढ़ने और उनकी जानकारी का मौका मिला।

इस बीच सन् १९५९ में स्व० आचार्य शिवपूजन सहाय जी की प्रेरणा से 'भोजपुरी परिवार' की स्थापना हुई जिसके प्रमुख स्तम्भ श्री 'अशान्त', श्री अविनाशचन्द्र विद्यार्थी,, श्री सीतारामशरण 'राम', श्री विष्णुदत्त मिश्र इत्यादिक थे। स्व० आचार्य की छत्रछाया में भोजपुरी के त्रैमासिक 'अँजोर' का प्रकाशन आरम्भ हुआ। स्व० आचार्य ने तीन वर्षों तक अनवरत परिश्रम 'अँजोर' का सम्पादन करके हमलोगों के भविष्य का पथ-प्रदर्शन किया। अँजोर' का जो स्तर उन्होंने कायम कर दिया उसके यथाशक्ति निर्वाह का प्रयास हमलोग अभी भी कर रहे हैं। मुझे विश्वास है कि जिसके रोम-रोम में भोजपुरी के प्रति अनुराग और श्रद्धा भरी थी ऐसे स्व० शिवजी की अमर आत्मा अभी भी हमारा पथ-प्रदर्शन कर रही है और करती रहेंगी।

'अँजोर' के प्रकाशन ने भोजपुरी भाषा साहित्य में एक क्रान्ति पैदा कर दी। देश-विदेश के सभी नामी गरामी भाषा विज्ञान के शास्त्रियों ने इसका हृदय से स्वागत किया और वे मुझे इस पुनीत कार्य में प्रोत्साहित करने लगे। भोजपुरी के विश्रुत विद्वान और साहित्य-सेवी स्वयं मेरे यहां आकर अपना स्नेह, दुलार और प्रोत्साहन ही नहीं, वरन् सक्रिय सहयोग भी देने लगे। उनमें स्व० महापंडित राहुल सांकृत्यायन (जो उन दिनों लंका में थे), श्री गणेश चौबे एवं श्री सम्पूर्णानन्द जी, श्री महेन्द्र शास्त्री, डा० परमेश्वरी लाल गुप्त,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

श्री रासबिहारी राय शर्मा, श्री रामवचन द्विवेदी 'अरविन्द', प्रि० मनोरंजन इत्यादिकों का नाम मैं नहीं भूल सकता जिन्होंने प्रारम्भ में अनजान पथ पर मार्गदर्शक बनकर मेरा पथ-प्रदर्शन किया जिसके फलस्वरूप आज ११ वर्षों से 'अंजोर' ने भोजपुरी की जो सेवा की या कर रहा है, स्पष्ट है।

मैंने ११ वर्षों के सम्पादकीय जीवन में इस पथ पर कितने कंटकाकीर्ण स्थलों को लांघ कर पार किया इससे भी लोग परिचित हैं। लोकभाषा की पत्रिका और साहित्य का प्रकाशन कोई हँसी-खेल नहीं है। अर्थ का अभाव, अच्छे-अच्छे लेखों का अभाव अपनी पारिवारिक और पेशे की परिस्थिति अभी भी मुझे बार-बार भोजपुरी साहित्य से तटस्थ होने को मजबूर कर रही है। परन्तु जो बोली माँ के दूध के साथ घोल कर पिला दी गयी, और जिस पृथ्वी पर माँ के गर्भ से मैं गिरा, उसका मोह नहीं जाता और आज भी किसी न किसी तरह भोजपुरी के चरण निरन्तर आगे बढ़ाने की चेष्टा में ही हूँ। भोजपुरी बन्धुओं से कई बार विनम्र अपील कर चुका हूँ, परन्तु इसका कोई परिणाम न हुआ। खैर जब तक शक्ति है, भोजपुरी की सेवा करता रहूँगा; सेवा से विरत होना तो मात्र क्षण भर का काम है और वह भी सहज गति से।

'अँजोर' के प्रकाशन काल में आदरणीय श्री गणेश चौबे जी से मैंने कई बार यह आग्रह किया कि भोजपुरी साहित्य के ग्रन्थों की एक मुद्रित सूची तैयार हो जानी चाहिये जिसकी चर्चा चौबे जी ने 'अँजोर' की कला—४ किरण ३-४ की पृष्ठ संख्या ४६ पर की है। यों तो भोजपुरी के अनेक साहित्यकार हैं परन्तु चौबेजी को ही लोग भोजपुरी साहित्य का प्रतिनिधि मानते आ रहे थे और वह उचित भी था। उन्होंने मेरे आग्रह को स्वीकार किया और भोजपुरी की मुद्रित साहित्य की सूची 'अँजोर' में प्रकाशित होने लगी। थोड़ा बहुत मेरा भी सहयोग उनमें है परन्तु वह नहीं के बराबर ही है। सूची बिलकुल आधुनिक साहित्य तक पहुँच गयी है।

'अँजोर' के प्रकाशन काल में देश विदेश की अनेक साहित्यिक संस्थाओं एवं विद्वानों के खोजपूर्ण पत्र आने लगे। रूस के प्रसिद्ध विद्वान श्री चेर्निशोव ने

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-2

कई पत्र लिख कर 'अँजोर' के अंक मँगाया। पेन्सिलवेनिया विश्वविद्यालय के जॉन आरवकल साहब, जो आजकल पटने में आये हुए है, भाषा विज्ञान के एक माने जाने विद्वान हैं। वे जनवरी में ही 'अँजोर' के ग्राहक बन गये। वे भोजपुरी, मगही एवं हिन्दी का तुलनात्मक अध्ययन कर रहे हैं। 'अँजोर' से उन्हें प्रचुर मात्रा में सहायता मिली। अभी हाल में भोजपुरी लोक-गीतों पर पी. एच. डी. की थीसिस लिखनेवाली श्रीमती जातिका देवी एक स्वीस महिला ने भी हमारी सहायता माँगी। 'अँजोर' और भोजपुरी साहित्य से उनका परिचय करा दिया गया और वे आजकल पटने में ही अपना अनुसंधान कार्य कर रही हैं। मॉरिशस के भोजपुरी भाई भी 'अँजोर' से लाभ उठा रहे हैं। गोमा के बन्धु भी भोजपुरी पर काम कर रहे है।

राष्ट्रभाषा परिषद् बिहार ने हमारे शब्दकोश, मुहावरा कोश, और कहावत कोश का काफी सम्मान और प्रयोग किया। ओसमानिया विश्वविद्यालय हैदराबाद से अँजोर का अँक मँगाकर लोग अपना कोश तैयार कर रहे हैं। काशी नागरी प्रचारिणी सभा बड़े चाव से 'अँजोर' को अपने यहाँ स्थान दे रही है। अभी तक तीन पी. एच. डी के छात्रों को भोजपुरी परिवार और 'अँजोर' से साहित्यिक सहायता दी गया है। अँजोर के प्रकाशन काल में कई भोजपुरी संस्थायें बनी और अनेक लेखक, कवि, कहानीकार, उपन्यासकार, निबन्ध लेखक प्रकाश में आये। जो प्रोत्साहन चाहते थे उन्हें उचित प्रोत्साहन दिया गया।

इन सब बातों को ध्यान में रखकर मैंने यह विचार किया कि भोजपुरी साहित्य के मुद्रित ग्रन्थों की एक सूची पुस्तकाकार तैयार हो। इस सूची में भोजपुरी के प्रायः सभी अंगों का प्रतिनिधित्व हो चाहे उसकी संख्या भले ही कम हो। भोजपुरी साहित्य कितना विशाल है उसकी भूमिका इस सूची से मिल जायगी। हमलोगों ने सन्तों की भोजपुरी साहित्य की कृतियों को सूची में नहीं रखा है इसलिए कि उसकी सूची विशाल है। उसके लिए एक अलग संग्रह तैयार हो तो उचित होगा।

भोजपुरी भाषा को मान्यता इस वर्ष मिलने को थी परन्तु कुछ कारणों

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

से न मिल सकी। सात करोड़ भोजपुरी भाषा-भाषियों का यह साहित्य आज विशाल रूप धारण कर रहा है और राष्ट्रभाषा को समृद्ध बनाने में सतत प्रयत्नशील है।

इस सूची का सारा श्रेय श्री चौबे जी को है, जिसके लिए समस्त भोजपुरी भाषा-भाषी उनके ऋणी रहेंगे। इस पुस्तक को तैयार करने में मेरे कुछ मित्रों और भोजपुरी परिवार के सदस्यों जैसे श्री अविनाशचन्द्र विद्यार्थी (सह--सम्पादक अँजोर), श्री सीतारामचन्द्रशरण 'राम', श्री धीरेन्द्र प्रसाद सिन्हा 'धवल', श्री जगन्नाथ इत्यादिकों ने मेरी जो सहायता प्रेस कापी तैयार करने में की है उसके लिए मैं उनका आभार मानता हूँ।

कुछ लोग ऐसा कह सकते हैं कि इस सूची के प्रकाशन में हिन्दी को इतनी प्रमुखता क्यों दी गयी। उनसे मेरा नम्र निवेदन यह है कि हिन्दी के दामन को छोड़कर कोई भी लोकभाषा, स्वतन्त्र रूप से आगे नहीं बढ़ सकती है। इस संग्रह को भोजपुरी, अभोजपुरी, देश विदेश के अन्य भाषाओं के विद्वानों तक पहुँचाना है इसलिये हिन्दी का आश्रय लिया गया है। स्व० रवीन्द्रनाथ ठाकुर ने बगला में गीतांजलि लिखी, परन्तु विश्व ने उसे तब जाना जब वह एक सशक्त भाषा यानी अंग्रेजी का दामन पकड़ कर विश्व सहित्य के बीच खड़ी हो गयी। उसका क्या आदर हुआ और है इससे विश्व के सभी विद्वान परिचित हैं। भोजपुरी और हिन्दी में अधिक अन्तर नहीं, फिर जहाँ आवश्यकता पड़ेगी अपनी गाड़ी के पहियों की धूरी में हम हिन्दी के मसाले का प्रयोग करेंगे इसके विषय में किसी को किसी प्रकार का भ्रम नहीं होना चाहिए। आज हम हिन्दी को समृद्ध बनाने के लिए भोजपुरी का साहित्य-भंडार खोल रहे हैं। हिन्दी भी भोजपुरी को अपने पार्श्व में स्थान दे रही है।

आशा है इस मुद्रित सूची से साहित्यकार अधिक से अधिक लाभ उठावेंगे और तभी मैं अपना परिश्रम सफल समझूँगा।

सूची के साथ भोजपुरी साहित्य का प्रारम्भिक एवं एक संक्षिप्त इतिहास भी दिया जा रहा है।

—०—

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

बिहार में भोजपुरी का प्रारम्भिक रूप

—डा० बजरंग वर्मा

हिन्दी साहित्य के विकास में बिहार का बड़ा ही महत्वपूर्ण योगदान रहा है। आधुनिक अनुसंधानों के परिणामस्वरूप ज्यों-ज्यों साहित्य के अज्ञात पृष्ठ प्रकाश पाते जा रहे हैं, त्यों-त्यों इस उक्ति की सार्थकता चरितार्थ होती जा रही है।

बिहार में लिखित साहित्य की प्राचीन परम्परा की खोज सबसे पहले मिथिला में आरम्भ हुई जिसके कारण मैथिली की प्राचीन रचनाएं साहित्य में महत्वपूर्ण स्थान पा चुकी हैं। गत दो दशकों से बिहार के भोजपुरी-भाषी क्षेत्रों में भी प्राचीन साहित्य की खोज एवं रक्षा के प्रयत्न होने लगे हैं।

अब तक हिन्दी के जिस सबसे प्राचीन साहित्यकार का हमें पता चला है वे हैं ईशानचन्द्र, जो सातवीं शती में हुए थे। बाणभट्ट के परम मित्र होने के कारण ये शाहाबाद के सोन नदी के पश्चिमी तट पर 'प्रीतिकूट' नामक ग्राम के आसपास किसी ग्राम के निवासी होंगे ऐसा अनुमान किया जाता है। ईशानचन्द्र की काव्य-रचनायें हमें अभी तक देखने को नहीं मिलीं। किन्तु यह निश्चित रूप से ज्ञात हुआ है कि इन्होंने लोक-भाषा में अपनी रचनाएं की थीं। हम उस दिन की प्रतीक्षा में हैं कि शाहाबाद का तत्कालीन लोक-भाषा में लिखित ये रचनाएं हमें उपलब्ध हो जायें। वस्तुतः उनकी उपलब्धि के पश्चात ही बिहार में भोजपुरी साहित्य की प्राचीनता की वास्तविक सीमा निर्धारित की जा सकेगी।

हिन्दी में जो सबसे प्राचीन साहित्य उपलब्ध होता है, वह वज्रयानी बौद्धसिद्धों का साहित्य। इन सिद्धों में भी अधिकांश बिहार के ही निवासी थे—कई तो भोजपुरी क्षेत्र के थे। उदाहरणार्थ, नवीं शती के 'चपंटीपा' और ग्यारहवीं शती के 'चम्पकपा' चम्पा नामक स्थान के निवासी बतलाये गये हैं।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

राहुलजी ने चम्पा को भागलपुर के अन्तर्गत स्थित किया है, किन्तु पं० हजारी प्रसाद द्विवेदी ने उस शहर को आधुनिक चम्पारन का प्राचीन रूप माना है। यदि द्विवेदी जी का अनुमान ठीक है तब ये सिद्ध भी भोजपुरी-क्षेत्र के ही सिद्ध होते हैं। नवीं शती के ही एक सिद्ध थे चौरंगीपा जो शालिवाहन के पुत्र कहे गये हैं। राहुल जी इन्हें मगह का निवासी बतलाया है। डा० पीताम्बरदत्त बड़थ्वाल और आचार्य हजारी प्रसाद द्विवेदी इन्हें स्यालकोट, पंजाब का निवासी बतलाते हैं। किन्तु शाहाबाद जिला के भभुआ के निकट चैनपुर-ग्राम में राजा शालिवाहन के महल के भग्नावशेष अभी तक वर्तमान हैं उनके 'सिंह-द्वार' पर उक्त राजा के पुरोहित 'हरसूब्रह्म' का प्रसिद्ध मन्दिर आज भी खड़ा है। चौरंगीपा इसी शालिवाहन के पुत्र थे। कहते हैं, चौरंगीपा की दूसरी माँ ने उनके हाथपाँव कटवा डाले थे इसी कारण, ये चौरंगीपा कहलाने लगे। यों पहले इनका नाम था 'पूरन भगत'। भोजपुरी में आज भी लूले लगड़े को 'चौरंगी' ही कहते हैं। अतः यह अनुमान दृढ़ होता है कि ये भी भोजपुरी-क्षेत्र के ही निवासी रहे होंगे। इनकी रचनायें जो प्राप्त हुई हैं, उनमें भी भोजपुरी का ही रंग गाढ़ा है। आचार्य द्विवेदी जी ने पिण्डी के जैन-ग्रन्थ भाण्डार में सुरक्षित 'प्राणसंकली' नामक इनकी एक पुस्तक की चर्चा की है। यदि वास्तव में यह इनकी ही पुस्तक है तब तो स्पष्ट ही इन्होंने भोजपुरी शब्दों का खुलकर प्रयोग किया है। 'बोलीला', 'भइला सनमुख', 'देखीला' 'नमाइला माथा', आसिरवाद पाइला', 'भइला हरखित', 'पुछीला' आदि प्रयोग तो भोजपुरी में आज भी प्रचलित हैं।

इसी प्रकार, बारहवीं शती के 'कोकालिपा' भी चम्पारन के निवासी बतलाये गये हैं।

जो हो, अपभ्रंश भाषा में सिद्धों की जो रचनायें मिली हैं, उनमें भोजपुरी के अनेक ऐसे शब्द बिखरे पड़े हैं जिनका प्रयोग भोजपुरी भाषी जनता आज भी उसी रूप में करती है। वास्तव में भोजपुरी, मैथिली, मगही आदि में आज जितना भाषागत भेद दीखता है, उतना प्राचीन काल में नहीं था। अब दिन-पर-दिन यह भेद और बढ़ता ही जायगा, क्योंकि वर्तमान वैज्ञा-

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

निक युग में नवीन अनुसंधान के परिणाम स्वरूप सभी भाषायें अपना-अपना रूप सँवारने में तत्पर हो रही हैं। चौदहवीं शती में मिथिला के ज्योतिरीश्वर कृत 'वर्ण-रत्नाकर' और उमापति उपाध्याय एवं महाकवि विद्यापति के पदों तक यह प्रवृत्ति स्पष्ट दीख पड़ती है। उक्त रचनाओं मे अन्य विहारी भाषाओं के शब्दों के साथ भोजपुरी के अनेक शब्द प्रयुक्त हुए है। उदाहरण के लिए ज्योतिरीश्वर-कृत वर्ण-रत्नाकर ही ले लीजिए। सरोवर कैसा है ? लेखक कहता है—

"शरदक चाँद अइसन निर्म्मल-बौद्धपक्ष अइसन आपात भीषण-उदयनक सिद्धान्त अइसन प्रसन्न -यौगिक चित्त अइसन सौम्य-हरिश्चन्द्रक त्याग अइसन अगाध सरोबर देषु।"

इसके पश्चात् सोलहवीं शती में सारन जिले के 'नैनी' ग्राम निवासी 'सविता' और 'कबिता' नामक कवियों का पता चलता है जिन्होंने भोजपुरी में काव्य रचनाएं की थीं। दुर्भाग्यवश हमें इनकी रचनायें उपलब्ध नहीं होतीं। कहते हैं गोरखपुर के मझौली राज्य में अपनी भोजपुरी-कविताओं के चलते सविता का बड़ा आदर था। उक्त मझौली के राजा भीमक ने इन्हें सारन जिले में 'नैनी' नामक ग्राम दे दिया था, जहाँ ये बस गये थे।

सत्रहवीं शती विहार में भोजपुरी-साहित्य के लिए बड़ा महत्वपूर्ण काल है। इसमें एक ओर जहाँ अकस्मात् भोजपुरी गद्य का पूर्ण विकसित रूप देखने को मिलता है वहाँ दूसरी ओर प्रौढ़ काव्य साहित्य के भी दर्शन हमें होते हैं। शाहाबाद के परमार उज्जैन राजाओं द्वारा विभिन्न अवसरों पर प्रकाशित राज्याज्ञाओं, सनदों, दानपत्रों और दस्तावेजों में जो कुछ उपलब्ध हुए हैं उनमें पूर्ण विकसित विशुद्ध भोजपुरी गद्य का प्रयोग मिलता है। इस काल के काव्य-साहित्य में तो भोजपुरी की प्रौढ़ता एवं उसके परिष्कार को देखकर आश्चर्य-चकित रह जाना पड़ता है। शाहाबाद के धरकन्धा-ग्राम निवासी दरिया साहब और सारन-जिले के माँझी ग्राम-निवासी धरणीदास जी, इन दो प्रसिद्ध संत-कवियों का आविर्भाव इसी काल में हुआ था। इन दोनों की खड़ी बोली मिश्रित सधुक्कड़ी भाषा में जो-जो रचनाएँ मिली है, उनमें भोजपुरी का रंग

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

गहरा है। विशुद्ध भोजपुरी में रचित इनकी जो रचनाएं उपलब्ध हुई हैं, उनमें तो पर्याप्त प्रौढ़ता एवं परिष्कार के दर्शन होते हैं। देखिये, धरणीदास जी की निम्नांकित पंक्तियों में भोजपुरी का कितना प्रौढ़ एवं विकसित रूप देखने को मिलता है—

'पाव दुवो पउआ परम झलकार।
                    झुरहुर श्याम तन लाम लहकार।
लँमहरि फेंकिया पतरि करिहाँव।
                    पिअरि पिछौरी करि करते न आव।
चंदन खोरिया भरेला सब अंग।
                    धारा अनगनित बहेला जनु गंग।
माथे मनि मुकुट लकुट सुठि लाल।
                    झीनवा तीलक सोभे तुलसी के माल।
नीक नाक पतरि ललौहिं बड़ि आंखि।
                    मुकुट मझोर एक मोरवा के पाँखि।
कान दुनों कुंडला लटक लट झून्ह।
                    दाढ़ी मोछ नूतन जैसन मखतूल।
परफुलित बदन मधुर मुसकाहि।
                    ताहि छवि उपर धरनि बलि जाहि।
मन कैला दंडवत भुंइयाँ धरि सीस।
                    माथे हाथ धरि प्रभु देलन्हि आसीस॥

सत्रहवीं शती तक जिन बिहारी साहित्यकारों का हमें ज्ञान है, उनमें धरणीदास जी ही प्रथम साहित्यकार हैं जिनकी भोजपुरी कविताओं में इतनी

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

प्रौढ़ता कि दर्शन हमें होते हैं। उनकी इस कोटि की रचनाओं से यह स्पष्ट हो जाता है कि उनकि पूर्व भी विहार में बहुत दिनों से भोजपुरी में काव्य-रचनाएँ होती थीं अन्यथा उसमें अकस्मात् इतनी प्रौढ़ता, इतना निखार और परिष्कार क्योंकर पाया जाता। व्रजभाषा में सूरदास और मैथिली में उमापति तथा विद्यापति कि पदों को देखकर विद्वानों ने ऐसा ही अनुमान किया है।

सत्रहवीं शती कि पश्चात् विहार में भोजपुरी साहित्य की एक प्रकार से क्रमबद्ध परम्परा उपलब्ध होती है।

★

आरा के पं० सदल मिश्र जी की लिखी हुई कई दस्तावेज़ें भोजपुरी में मिला हैं। एक, जिसकी तिथि सन् १८८५ पौष प्रतिपदा, मंगलवार है, 'अँजोर' की कला—१ किरण २ पृष्ठ ४ में प्रकाशित है।

शोधी विद्वानों कि अनुसार वेदों में भी भोजपुरी कि शब्द मिले हैं।

—सम्पादक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

भोजपुरी : एक परिचय

—गणेश चौबे

भोजपुरी भाषा का नामकरण शाहाबाद जिले के भोजपुर नामक गाँव के ऊपर हुआ है। मालवा के परमार राजपूतों ने स क्षेत्र पर अपनी विजय के पश्चात् अपने पूर्वज राजा भोज के नाम पर इसे बसाया था। भाषा के अर्थ में 'भोजपुरिया' का उल्लेख सर्वप्रथम १७८९ ई० में पाया जाता है, जो काशी के राजा चेत सिंह के सिपाहियों की बोली के लिए आया है। सन् १८६८ ई० में जौन बीम ने भोजपुरी को हिन्दी की एक बोली बतलाते हुए अपना एक निबन्ध प्रकाशित कराया था। तब से लगभग सन् १९४० ई० तक इस भाषा का भोजपुरी नाम शोधी विद्वानों तक ही सीमित रहा। सन् १९४२ ई० में राहुल जी ने प्रान्तों के पुनर्गठन के प्रश्न पर यह विचार प्रकट किया था कि प्रान्तों का क्षेत्रीय भाषाओं के आधार पर गठन होना चाहिए और इसी क्रम में उन्होंने भोजपुरी भाषा को प्राचीन जनपदों के आधार मल्लिका और काशिका दो भागों में विभाजित किया था। मुजफ्फरपुर जिले के दक्षिणी और पश्चिमी छोर की भाषा को ग्रियर्सन ने भोजपुरी माना था, उसे राहुल जी ने 'वज्जिका' के अन्तर्गत रखा। इधर कुछ दिनों से बलिया की भाषा के लिए बल्लिका नाम भी सुनने में आ रहा है। लेकिन इन नामों में भोजपुरी को विभाजित देखने की भावना निहित है, अतः ये लोकप्रिय नहीं हो सके। जनपदीय आन्दोलन के फलस्वरूप पठित समाज में और भोजपुरी फिल्मों के निर्माण के पश्चात् सामान्यजनों में भी इस भाषा के भोजपुरी नाम का व्यापक प्रचार हुआ है। डा० ग्रियर्सन ने भोजपुरी को बिहारी भाषा की एक बोली मानते हुए इसे उत्तरी या सरवरिया, पश्चिमी या आदर्श और नागपुरिया, इन चार भागों में विभाजित किया है। चम्पारण की भोजपुरी को मधेसी की संज्ञा

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

CC-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

दी है, किन्तु लेखक के मत में इसे पूर्वी भोजपुरी कहना उपयुक्त होगा। जनपीय आन्दोलन के पूर्व भोजपुरी के साहित्यकारों ने अपनी रचनाओं की भाषा को विभिन्न नामों से सम्बोधित किया है। श्री दूधनाथ उपाध्याय ने अपनी रचनाओं को दोआबा की बोली की, मन्नन द्विवेदी ने सरवरिया हिन्दी की, रघुवीर नारायण ने प्रान्तिक भाषा की और चंचरीक ने उत्तरप्रदेश की ग्रामीण बोली की रचना की है। स्वर्गीय श्याम बिहारी तिवारी 'देहाती' ही ऐसे साहित्यकार हैं, जिन्होने सन् १९४७ ई० में प्रकाशित 'देहाती दुलकी' में इस बात का सर्वप्रथम स्पष्ट उल्लेख किया हैं कि यह भोजपुरी का कविता संग्रह है। वस्तुतः भोजपुरी भाषा के हित को ध्यान में रखते हुए यह आवश्यक है कि विभिन्न क्षेत्रों की भोजपुरी को उस क्षेत्र पर आधारित किसी विशेष नाम से पुकारने की प्रवृत्ति को उत्साहित नहीं किया जाय।

भोजपुरी एक बड़े भूभाग की भाषा है, फिर भी इसमें लिखित साहित्य का अभाव है, ऐसी विद्वानों की धारणा है। स्व० डा० विश्वनाथ प्रसाद का अनुमान है कि यहां के पंडितों को काशी के पंडित समाज से सदा प्रेरणा मिलती रही है, फलतः उनके ग्रन्थ प्रायः संस्कृत में रचे गये। हो सकता है, इसमें कुछ तथ्य भी हो। किन्तु हमें ऐसा लगता है कि पंडित और मुन्शी घरानों तथा मठों में सुरक्षित ग्रन्थ संग्रहों का इस दृष्टि से विधिवत् निरीक्षण परीक्षण किया जाय तो भोजपुरी के अनेक प्राचीन ग्रन्थ प्रकाश में आ सकते हैं।

अब तक जो कुछ सामग्रियाँ हमें उपलब्ध हैं, उनके आधार पर हम भोजपुरी में साहित्य रचना की स्थिति पर विचार करेंगे। हमें भोजपुरी में सिद्धों एवं नाथ पंथी जोगियों की बानी 'निर्गुणवादी संतों के 'सबद' भक्तों एवं कथा वाचकों के पद, राष्ट्रीय आन्दोलन सम्बन्धी गीत लोकगीत एवं प्रकीर्ण लोक-काव्य काफी मात्रा में उपलब्ध है। भोजपुरी का लोक साहित्य बहुत विशाल है। इसके शब्दों की अभिव्यंजना शक्ति बड़ी प्रबल है। इस सम्बन्ध में डा० ग्रियर्सन, फैलन फ्रेजन, जौन क्रिश्चियन, होर्नले आदि यूरोपीय विद्वानों ने तथा डा० कृष्णदेव उपाध्याय, डा० सत्यव्रत सिन्हा, डा० इन्द्रदेव,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

डा० श्रीधर मिश्र, डा० नेमिचन्द्र शास्त्री, डा० सत्यदेव ओझा, श्री दुर्गा शंकर सिंह 'नाथ', श्री वैजनाथ सिंह 'विनोद' और इन पंक्तियों के लेखक ने बहुत कुछ काम किये हैं। स्व० डा० विश्वनाथ प्रसाद, डा० उदय नारायण तिवारी एवं श्री रास बिहारी राय शर्मा, डा० शुकदेव सिंह तथा विन्ध्याचल प्रसाद श्रीवास्तव ने इसकी ध्वनि एवं व्याकरण पर यथेष्ट काम किया हैं।

भोजपुरी साहित्य के प्रारम्भिक रूप की झाँकी हमें सिद्धों एवं नाथ पंथी जोगियों की बानियों में मिलती हैं। गोरखनाथ, डोम्भिपा, वामपा, महीपा, विरूपा, वीणापा, ताड़कपा, शबरपा आदि की रचनाओं को हम प्राचीन भोजपुरी की रचना कह सकते हैं। चौरंगीपा का 'प्राण संकली' नामक ग्रन्थ भोजपुरी गद्य में है। महाराज गोविन्दचन्द्र (बारहवीं सदी) के दरबारी पंडित दामोदर शर्मा के 'युक्ति व्यक्ति प्रकरण' में तत्कालीन बनारसी बोली का नमूना मिलता है।

भोजपुरी के संत कवियों में कबीर (१५ वीं सदी) को प्रमुख स्थान प्राप्त है। संप्रति कबीर के पदों का जो प्राचीनतम संग्रह उपलब्ध है, उस पर पंजाबी और राजस्थानी का प्रभाव नजर आता है। किन्तु उनके काशी निवासी होने के कारण उनके मूल पद भोजपुरी में ही रहे होंगे। डा० शुकदेव सिंह, हिन्दी विभाग, लंगट सिंह कालेज, मुजफ्फरपुर ने अद्यतन उपलब्ध सामग्रियों के आधार पर अपने शोध प्रबन्ध में इस बात को सिद्ध कर दिया है कि बीजक की मूल भाषा भोजपुरी है। (यह प्रबन्ध अभी अप्रकाशित है) पदों की मौखिक परम्परा के कारण उनके विभिन्न प्रान्तों के शिष्यों ने उनमें हेरफेर कर दिया होगा, ऐसी प्रबल सम्भावना है। संभवतः इसी तथ्य को लक्ष्य कर कबीर ने कहा है :—बोली हमरी पुरब की, हमें लखे ना कोय।

हमको तो सोई लखै, जो पुरब का होय॥

कबीर के बाद धरनी दास (१७ वीं सदी) का स्थान आता है। संतों द्वारा पद रचना का क्रम आज भी जारी है और उनके कबीर पंथी, दरियादासी, शिवनारायणी, सरभंग और सखी संप्रदाय के संतों के ढेर के ढेर पद भोजपुरी में हमें प्राप्य हैं।

भारतेन्दु युग के हिन्दी साहित्यकारों का विचार था कि प्रचारात्मक

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

साहित्य की रचना ग्रामीण बोलियों एवं छंदों में होनी चाहिये : फलतः उन्नीसवीं सदी कि नवें दशक के कवि दूधनाथ उपाध्याय ने गोरक्षा आन्दोलन के पदों की रचना भोजपुरी में की। देश में राष्ट्रीय आन्दोलन के विस्तार के फलस्वरूप सर्वश्री रघुवीर नारायण, मनोरंजन, अरविन्द एवं चंद्रीक आदि कवियों कि वहुत से पद भोजपुरी में पाये जाते हैं।

उन्नीसवीं सदी कि अन्तिम वर्षों में काशी कि तेग अली कि 'बदमास दरपन' और रामकृष्ण वर्मा 'बलवीर' के 'विरहा' ने बड़ी ख्याति पायी। सन् १६१९ ई० में मन्नन द्विवेदी कि भोजपुरी के सवैये वहुत प्रसिद्ध हुए। आधुनिक काल के कवियों में स्व० 'देहाती' जी अग्रणी रहे। उन्होंने सन् १६४० के आस-पास प्रांजल भोजपुरी में रचनाएँ कर सिद्ध कर दीं कि भोजपुरी में भी सुन्दर पद लिखे जा सकते हैं। आजमगढ़ के बिसराम के विरहें भी बड़े अनूठे हैं।

लगभग एक वर्ष हुआ, जब 'भोजपुरी परिवार' पटना कि संचालक एवं 'अँजोर' पत्र कि सम्पादक श्री पाण्डेय नर्म्मदेश्वर सहाय ने भोजपुरी कि प्रकाशित साहित्य की सूची तैयार करने का प्रस्ताव रखा तो मैंने अपने सीमित साधनों के कारण इस प्रस्ताव को बड़े संकोच कि साथ स्वीकार किया, यद्यपि ऐसी सूची की उपयोगिता निर्विवाद है और इससे भोजपुरी साहित्य के इतिहास ग्रन्थों की अनेक भ्रान्तियो का निराकरण होगा।

भोजपुरी एक बड़े भूभाग की मातृभाषा है जिसका विस्तार बिहार और उत्तर प्रदेश के सोलह जिलो में, मध्यप्रदेश कि सुरगुजा, एवं नेपाल तराई के चार जिलों में हैं। भोजपुरी क्षेत्र में एक भी ऐसा पुस्तकालय नहीं, एक भी ऐसी दुकान नहीं जहाँ भोजपुरी की कुछ भी पुस्तकें एक साथ उपलब्ध हों। फलतः मुझे वहुत से ग्रन्थकारों, प्रकाशकों एवं पुस्तकालयाध्यक्षों से पत्र द्वारा या व्यक्तिगत रुप से सम्पर्क स्थापित करना पड़ा और हिन्दी-भोजपुरी साहित्य के इतिहास ग्रन्थों से भी इस सूची के लिए सामग्रियाँ संकलित करनी पड़ी हैं। इस गुरुतर कार्य में जिन-जिन साहित्य सेवियों, विद्वानों एवं संस्थाओं से मुझे जिस रूप में सहायता मिली है,

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

उनके प्रति मैं अपनी कृतज्ञता ज्ञापित करता हूँ। ग्रन्थों के रचयिताओं ने अपने-अपने ग्रंथ मेरे पास भेजकर इस कार्य में मेरी सहायता की है और इसके लिए मैं उनका विशेष रूप से कृतज्ञ हूँ। मैं श्री पाण्डेय जी को केवल शिष्टाचार के नाते ही धन्यवाद दे रहा हूँ क्योंकि उन्होंने मुझसे ऐसी सूची तैयार करा कर अपने कर्तव्य का पालन ही किया है।

यह सूची पूर्ण नहीं कही जा सकती है, फिर भी भोजपुरी के आधुनिक साहित्य के अधिकांश ग्रंथ इसमें सम्मिलित हैं, ऐसा मेरा ख्याल है। भोजपुरी के संत साहित्य, बाइबिल साहित्य, प्रकीर्ण लोक काव्य, लोक नाट्य, लोक एवं भोजपुरी सम्बन्धी हिन्दी एवं अन्य भाषाओं के समीक्षात्मक एवं संदर्भ-ग्रन्थों में भी ऐसी ही सूची की आवश्यकता अनुभव की जा रही है। मैं कह नहीं सकता मैं इसे पूरा कर सकूँगा या नहीं। यह तो बहुत कुछ साहित्य-प्रेमियों के सक्रिय सहयोग पर निर्भर करता है।

विगत तीस वर्षों की अवधि में बिहार और उत्तरप्रदेश में अनेक प्रतिभाशाली लेखकों एवं कवियों का उदय हुआ है। इन कवियों ने इठलाती हुई ग्राम्य युवतियों के अल्हड़पन का, तारों से चमत्कृत उन्मुक्त आकाश का, हल जोतते किसानों का, पुरवा हवा से लहराते पौधों का और वर्षा ऋतु के उमड़ते बादल आदि ग्रामीण दृश्यों का बड़ा ही सुन्दर चित्रण किया है। भोजपुरी के अनेक कवियों ने एक ही संग्रह में हिन्दी तथा भोजपुरी के पद प्रकाशित कराये हैं जो उनके अपनी राष्ट्रभाषा हिन्दी के प्रति अटूट प्रेम का परिचायक है। कुँवर सिंह पर भी अनेक कवियों ने ग्रन्थ लिखे हैं जिनमें चन्द्रशेखर मिश्र का कुँवर सिंह महाकाव्य और हरेन्द्र देव जी का कुँवर सिंह महाकाव्य सुन्दर कृतियाँ हैं। वर्तमान कवियों और लेखकों में सर्वश्री दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह, गोरक्षहरि, गणेश दत्त 'किरण' रामविचार पाण्डेय, प्रणयी, अनिरुद्ध, भोलानाथ गहमरी, महेन्द्र शास्त्री पाण्डेय नर्मदेश्वर सहाय, प्रभुनाथ मिश्र, हरिराम द्विवेदी, स्वामी विमलानन्द सरस्वती, परमेश्वर 'शाहाबादी', अशान्त, माहेश्वर तिवारी, 'शलभ', 'कन्हैया सिंह, देवकुमार मिश्र, 'अलमस्त', जगदीश ओझा, 'सुन्दर', 'राकेश', 'भानु', गिरिजेश, राहगीर, जगन्नाथ, रामेश्वर प्रसाद सिन्हा, पाण्डेय

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

कपिल, शैदा, सत्यनारायणलाल, अविनाशचन्द्र विद्यार्थी, 'धवल', सीतारामचन्द्र चरण, 'राम', विवेकी राय, रामवृक्षराय 'विधुर', 'राही', नाथनारायण सिंह, लक्ष्मी शंकर त्रिवेदी, उमाकान्त वर्मा, निर्मल, संकेत, मदनमोहन सिन्हा 'मनुज' आशा सहाय, श्रीमती राधिका देवी, भ्रमर, विद्याधर शुक्ल, मोती बी० ए०, रमेशचन्द्र झा, विजेन्द्र 'अनिल', तैयब हुसेन 'पीड़ित', रामजी सिंह 'मुखिया', राघवशरण मिश्र 'सुहृदुब्बर' व्रजकिशोर मिश्र, रामदेव द्विवेदी 'अलमस्त', लक्ष्मण त्रिपाठी 'प्रदीप', पाण्डेय आशुतोष, सिपाही सिंह 'श्रीमन्त', विन्ध्यवासिनी दत्त त्रिपाठी, सतीश्वर सहाय 'सतीश', बलदेव प्रसाद श्रीवास्तव 'मधुकर', अम्बिकादत्त त्रिपाठी 'व्यास', वेदनन्दन, लवशर्मा 'प्रशान्त' रामसेवक 'विकल', राजेश परमार, गगा प्रसाद साहु, पंकज, माधव पाण्डेय 'निर्मल', शारदा चरण, स्वर्णकिरण, कान्हजी सिंह 'तोमर', कन्हैया प्रसाद 'सदय', निर्भीक, रामनगीना सिंह 'विकल', चितरंजन प्रसाद सिन्हा 'सुमन', विद्याधर शुक्ल विद्यार्थी, नन्दकिशोर झा, रामवचन सिंह यादव 'अँजोर', पद्मदेव, महाकवि केदारनाथ मिश्र 'प्रभात' कलक्टर सिंह 'केसरी', प्रसिद्ध नारायण सिंह, ऋषीश्वर, रघुवंश नारायण सिंह डा० विश्वनाथ सिंह, कुमारी मृदुलता श्रीवास्तव, वाइज्ञन 'विजय' दिनेश नारायण सिंह, श्री महेन्द्र, शीतल, वीरेन्द्र नारायण पाण्डेय, बालेन्दुशेखर तिवारी, महेन्द्रनाथ पाण्डेय, महेन्द्रनाथ राय, कामता प्रसाद ओझा 'दिव्य' सुश्री प्रमिला पाण्डेय, राय सच्चिदानन्द, श्री सत्यव्रती, उमादत्त शर्मा, सत्यनारायण 'केसरी', हरिहर प्रसाद 'बेकार भोजपुरी', श्री पुण्यदेव नारायण सिंह, रामजीत सिंह, विश्वरंजन, डा० वसन्त कुमार, सांवलिया 'विकल', भारतेश्वर नारायण सिंह, राम जीवन सिंह 'जीवन', डा० जितराम पाठक, रंगजी पाण्डेय, उर्मिला जैन, सन्तोष कुमार, डा० सलिल, 'राहगीर' कालु राम 'अखिलेश', प्रकाशवती, सीता सुन्दर देवी प्रियंवदा, श्री राम सिंह 'उदय', महेश्वर प्रसाद, बद्री नारायण पाठक, विश्वनाथ दूबे, शिवशंकर दूबे, रमाकान्त 'मुकुल', शिवबली शर्मा सिकन्दरपुरी, कपिलदेव पाण्डेय, रमता, पाण्डेय चन्द्रविनोद, हरिश्चन्द्र, डा० श्रीधर मिश्र, सूर्य परमार, गोपाल शरण ओझा, राजकिशोर, 'अनुरागी', गणेश तिवारी, सिद्धिनाथ तिवारी, 'विमलेश', प्रफुल्लचन्द्र द्विवेदी, 'दिनेश' इत्यादि ने अच्छा यश अर्जित किया है। भोजपुरी का साहित्य बड़ी तीव्रगति से आगे बढ़ रहा है।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

प्रकाशित साहित्य-सूची

काव्य और कविता संग्रह

गो-विलाप छन्दावली—(भोजपुरी-हिन्दी-ब्रजभाषा)—श्री दूधनाथ उपाध्याय प्र० श्री नवरंग सिंह रईस, भेलसा मुद्रक भारत जीवन प्रेस १८९३ ई० (ऋतु सं) पृष्ठ संख्या—३४, मूल्य दो आने।

चारोखंड-प्र०—जगदीश नारायण तिवारी, १०, ए० मछुआ बाजार स्ट्रीट कलकत्ता—७, १९४३ ई० पृ० १९२, मू० २)।

बदमाश-दर्पण-तेगअली प्र० भारत जीवन प्रेस, काशी, १८९५ ई० पृ० २२ मू० १ आना ६ पाई।

बिरहा-रामकृष्ण वर्मा, भारतजीवन प्रेस, काशी, १९०० ई० पृ० २६ मू० एक आना।

भारत के गीत-दूधनाथ उपाध्याय, प्र० सं० १९१४ द्वि० सं० प्रकाशक डी० आ० ए० आ० बलिया १९१८, ५००० प्रति पृ० २६, मू० ९ पाई।

रघुवीर पत्र पुष्प-(हिन्दी—भोज०) रघुवीर नारायण शरण) १९१७

रघुबीर रस रंग--(हिन्दी-भोजपुरी-ब्रजभाषा) रघुवीर नारायण (शरण) बिहार बुक स्टोर पटना, १९१७ पृ० ८८, मू० १० आना।

हिलोर--(हिन्दी-भोज०) महेन्द्र शास्त्री, राहुल पुस्तकालय पो० रतनपुरा, महाराजगंज, सारन, १९२८ पृ० ६४ मू० चार आना।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

ग्राम-गीतांजलि--चंचरीक, प्र० सं० ठाकुर महातम राव (क) रेती चौक, गोरखपुर, १६३१ (ख) द्वि० संस्करण, हितैषी प्रिन्टिंग वर्क्स, बनारस, १६३५ मू० १)। इस ग्रन्थ के चार संस्करण हो चुके।

भूकम्प पचीसी-दुधनाथ उपाध्याय, प्रभात प्रेस, चौक, बलिया। १६३४ ई० द्वि० संस्करण पृ० १० मू० ६ पाई।

गुनगुन (हिन्दी-भोजपुरी) मनोरंजन प्रसाद सिंह, पुस्तक भंडार, लहेरिया सराय, १६३७ पृ० १४० मूल्य १२ आना।

कवट अनुराग-(हिन्दी-भोजपुरी) सिद्धनाथ सहाय विनयी, अम्बिका भवन, मनसा पांडे का बाग, आरा (श्री दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह, भोजपुरी के कवि और काव्य पृ० २४०, प्रकाशन १६४१ के लगभग पृ० सं० ६० मू० ६ आने।

मड़ई पलानी (सम्भवतः हिन्दी-भोज०) रघुवीर नारायण (शरण) इस पुस्तक की चर्चा श्री सिद्धेश्वर प्रसाद श्रीवास्तव ने भोजपुरी लोक साहित्य पृ० सं० २७ पर की है। अन्य विवरण नहीं मिल सका।

द्रौपदी का रक्षा (हिन्दी-भोज) सिद्धनाथ सहाय विनयी, प्रकाशक तथा अन्य सूचनायें उपलब्ध नहीं हो सकीं।

धरती के गीत (लोकभाषा कविता-संग्रह) संपादक-रमेशचन्द्र सिन्हा, जन प्रकाशन गृह, राज भवन स्टैण्डर्ड रोड, बम्बई ४ पृ० सं० ७४ मूल्य १२ आने।

देहाती दुलकी स्व० श्याम बिहारी तिवारी 'देहाती', देहाती दुनिया, बेतिया (चम्पारण) सन् १६४७ ई० पृ० सं० ४० मू० ४ आने।

आज की आवाज (हि० भो०) महेन्द्र शास्त्री, राहुल पुस्तकालय पो० रतनपुरा वाया महाराजगंज (सारन) १६४७ ई० पृ० सं० ७६ मू० ८ आना।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

सरजुक बाढ़—चन्द्रदेव सिंह 'हृदय', प्रकाशन १९४८ ई० ।

तिरंगा—महेश्वर प्रसाद, प्रकाशक रचयिता, ग्राम पो० भरौली, शाहाबाद, सन् १९५० ।

अमरलत्ती—अर्जुन कुमार सिंह 'अशान्त', अशोक प्रेस, पटना, १९५० ई० पृ० सं० १८०, मू० १२ आना ।

गाँव के ओर—रामवचन द्विवेदी 'अरविन्द', सुलभ साहित्य सदन, अरविन्द कुटी, कंकड़बाग कालोनी, पटना-१ प्रथम संस्करण १९५१ ई० पृ० ७० मूल्य ८ आना द्वि० संस्करण परिवर्द्धित' सन् १९६३ ई० पृ० ११२ मू० २ रुपया, भोजपुरी परिवार पटना-३ ।

काइलिया—डा० रामनाथ पाठक 'प्रणयी', जनवाणी प्रेस एण्ड पब्लिकेशन्स लि०, गोदौलिया, काशी । १९५२ ई० पृ० सं० ११५ मू० २ रु० ।

चाँदनी—(हि० भो०) सरयू सिंह 'सुन्दर' सुन्दर सदन, रामनगर, चम्पारण, सन् १९५३ ई० पृ० सं० ४५ मू० १-४-० रु० ।

सितार—डा० रामनाथ पाठक 'प्रणयी', देववाणी मन्दिर, आरा, सन् १९५३ ई० पृ० सं० ११७ मू० २ रु० ।

बिनिया बिछिया—राम विचार पाण्डेय, भोजपुरी पुस्तक भवन, बलिया १९५४ ई० पृ० सं० ४४ मू० १२ आना द्वि० संस्करण ।

चोला—वीर काव्य, महेन्द्र शास्त्री, राहुल पुस्तकालय, रतनपुरा सारन, सन् १९५४ ई० पृ० सं० ४१ मू० ४ आना ।

मधुवन—डा० कमला प्रसाद मिश्र, 'विप्र' । भोजपुरी साहित्य मंडल, बक्सर, सन् १९५४ पृ० सं० ९० मू० ६ आना ।

उदयन—(हि० भो०) रामदेव द्विवेदी 'अलमस्त' । चाणक्य प्रकाशन, पटना १९५५ ई० पृ० सं० ८० मू० १ रु० ।

भोजपुरी वीर काव्य—प्रसिद्ध नारायण सिंह, अन्तराष्ट्रीय प्रकाशन मंडल, नया टोला, पटना । सन् १९५५ ई० पृ० सं० १४० मू० २ रु० ।

चम्पारण गुनगान—ब्रजविहारी प्रसाद 'चूर' प्रका० रचयिता । रामनगर, चम्पारण । सन् १९५५ पृ० सं० १६ मू० ३ आना ।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

पुरइन के फूल—डा० रामनाथ पाठक 'प्रणयी'। देववाणी मंदिर, आरा सन् १९५५ ई० पृ० सं० ५५, मू० १-८० रु०। भोजपुरी परिवार, पटना ३

चकोह—दिवाकर लाल 'अंकुर'। प्र० महेश मिश्र, मिश्रा प्रकाशन मंदिर सुमन पट्टी, बलिया, सन् १९५६ ई० पृ० सं० ३२ मू० ६ आना।

वीर बाबू कुँवर सिंह— (प्रबन्ध काव्य) डा० कमला प्रसाद मिश्र 'विप्र' भोजपुरी साहित्य मंडल, बक्सर सन् १९४७। पृ० सं० ४८ मू० १ रु०।

चम्पारण के गीत—बलदेव प्रसाद श्रीवास्तव, भारतेन्दु प्रकाशन, मोतीहारी। सन् १९५७ ई० पृ० सं० २२ मू० आठ आना।

कुँवर सिंह (महाकाव्य)—हरेन्द्रदेव नारायण। सन् १९५७ ई० प्र० आरती प्रकाशन, चित्तकोहड़ा, पटना, पृ० सं० १६१, मू० ५ रु०।

गाँव गिरान—शिवदत्त श्रीवास्तव 'सुमित्र'। राहगीर के भोजपुरी गीत और गीतकार में चर्चा।

भोजपुर के रतन—वालेश्वर राम, भोजपुरी साहित्य परिषद-१, गोलमुरी जमशेदपुर ३, सन् १९४७ ई० पृ० सं० ३२ मू० ४ आना।

जीवन- १ —डा० रामबिचार पाण्डेय, भोजपुरी साहित्य भवन, बलिया, सन् १९५७ ई० पृ० सं० ४८ मू० १२ आना।

आसा —डा० राम विचार पाण्डेय, साहित्य भवन, बलिया। सन् १९५६ पृ० सं० ६२ मू० १२ आना।

बिकाम भुन्नी लाल, प्रका० रचयिता-ग्राम पो० नचाप (शाहाबाद) सन् १९५८ ई०, पृ० सं० १३, मू० ३७ नया पैसा।

गाँव-गिराउँ—(हि०-भो०-अवधी) राजबली दूबे 'तरल', प्र० आनन्द बहादुर सिंह तुलसी पुस्तकालय, भदैनी, वाराणसी, सन् १९५६ ई० पृ० सं० ७६ मू० १ रु० ४ आना।

हरिअर-हरिअर खेत—प्रभुनाथ मिश्र, महान प्रकाशन बलिया, सन् १९५९ ई० पृ० सं० १०३ मू० ३ रु० आठ आना।

महुआ बारा—मोती बी० ए०, शर्मा ब्रदर्स लूकरगंज, इलाहाबाद, सन् १९५१ पृ० सं० ८४ मू० ३ रु० आठ आना।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant-

गुनावन—स्व० दुर्गाशंकर सिंह 'नाथ'। नव साहित्य प्रकाशन मंदिर दलीपपुर-शाहाबाद सन् १९६० ई० पृ० सं० ११४ मू० ३ रु० (हिन्दी अंग्रेजी टीका सहित)

एटम के युग में—स्व० दुर्गाशंकर प्र० सिंह 'नाथ' अखिल भारतीय भोजपुरी सम्मेलन, बक्सर, सन् १९६० ई० पृ० सं० २७ मू० १२ आना।

राहो—माधव पाण्डेय 'निर्मल'। सन्मुखा प्रकाशन, आरा (शाहाबाद) सन् १९६० ई० पृ० सं० ३८ मू० १२ आना।

संगम— (हि०-भोज०) जगदीश ओझा 'सुन्दर', विद्या मन्दिर, बलिया। सन् १९६१ ई० पृ० सं० १३६ मू० २ रु० ।७३ पन्ना से १३६ पन्ना तक ३७ कविता ।

ललकी किरिनियाँ के कोर—(भोज०-हिन्दी) गजानन प्रसाद, जनसम्पर्क विभाग, विहार, पटना, पृ० सं० ३६ मू० चार आना, भोजपुरी परिवार, पटना—३।

धरती के गुहार—सं० प्रो० उमाकान्त वर्मा, भारतीय जननाट्य संघ हाजीपुर (मुजफ्फरपुर) सन् १९६० ई० (१) पृ० सं० १२ मू० २ आ०।

ललकार—(हिन्दी-उर्दू-भोज०) सं० रघुवंश नारायण सिंह, भोजपुरी कार्यालय, आरा। सन् १९६२ ई० पृ० सं० ४८ मू० चार आना।

भुरुकि बहे ना—रामवृक्ष राय 'विधुर'। अन्तंर्प्रांतीय, सुहृद साहित्य गोष्ठी, गाजीपुर, बलिया। सन् १९६२ ई० पृ० सं० ५०, मू० १ रु०।

समय की पुकार—(हि०-भोज०) त्रिलोकीनाथ उपाध्याय। प्रकाशक रचयिता, भड़सार सहजनवा. गोरखपुर। सन् १९६२ ई० पृ० सं० १८ मू० चार आना।

वतन का तराना—(हि०-भोजपुरी) बलदव प्रसाद श्रीवास्तव। प्रकाशक रचयिता, मोतीहारी, सन् १९६२ ई० पृ० स—मू० १ आना ६ पाई।

रुक जा बदरा—मधुकर सिंह, यशदा प्रकाशन, आरा, सन् १९६३ ई० पृ० सं० ५६ मू० एक रु०।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

हिमालय ना झुको कबहूँ— मुक्तेश्वर नाथ तिवारी 'बेसुध' (चतुरी चाचा) हिन्दी परिषद, आशापुर, चित बड़गांव, बलिया, सन् १९६३ ई० पृ० सं० १९६४ मू० एक रु०।

धोखा—(भोज०-हि०) महेन्द्रनाथ शास्त्री। राहुल पुस्तकालय, रतनपुरा सन् १९६३ ई० पृ० सं० ३२ मू० ४ आना।

गोड़ लागी मैया नारायणी—हि०-भोज०) प्रकाशक जन सम्पर्क विभाग बिहार, पटना सन् १९६३ ई० मू० चार आना।

बेलपत्तर—गणपति पाण्डेय 'संकेत'।

ओकास (भोज०) रामकुमार त्रिपाठी। प्र० ग्रन्थकार, ठठेरी बाजार डुमराँव (शाहाबाद) प्र० सं० स० २०१३ वि० पृ० सं० ७४ मू० ६४ पैसा।

सुधाबून्द—(हि०-ब्रज-भो०) लाला खड्ग बहादुर मल्ल। खड्गविलास प्रेस, बाँकीपुर सन् १८८८ या १८८४ ग्रियर्सन) (६० कजरी)।

महेन्द्र मंगल, प्रथम भाग—(हिन्दी-भोजपुरी) महेन्द्र मिश्र, प्र० त्रिगुनानन्द मिश्र, जमींदार छपरा। प्रकाशन काल १९२० का पहिले। मू० २ आना ६ पा०।

जिअरा बोले—महेन्द्र कुमार सिंह 'नीलम' गाजीपुर, इलाहाबाद बुक हाउस, चीरो रोड, इलाहाबाद,प्र० का० १९६२ ई० पृ० सं० ६६ मू० २.५० पैसे।

सुदामा यात्रा—(खंड काव्य) श्याम जी—श्याम पुस्तकालय, पिंडो। देवरिया प्र० का० १९६२ ई० पृ० सं० ४२ मू० ६२ पैसा।

बिगुल—महेन्द्र भूषण त्रिपाठी, मधुर, हिन्दी परिषद आशापुर चितबड़गांव, बलिया प्र० काल० १९६३ पृ० सं० ५२ मू० ७५ पैसे।

पिंजड़ा—(भोज०) गणेश दत्त 'किरण'। शेरशाह स्टोर्स, इटाढ़ी; शाहाबाद प्र० का० १९६३। पृ० सं० ५२ मू० १ रु०।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

तरंगिणी—(भोज०-हि०) श्यामसुन्दर ओझा 'मंजुल'। आदर्श पुस्तक भंडार ५८ अपर चितपुर रोड, कलकत्ता। प्रका० का० १९६३ ई०। पृ० सं० १०२ मू० २-५० पैसे।

हिमगिरि के नेवता—(भोज० हि०) श्याम जी। शर्मा पुस्तकालय भिंडो देवरिया। द्वि० संस्करण। सन् १९६४ ई० पृ० स० ३० मू० ५० पैसा।

(चीन विरोधी कवितन के संग्रह)

भोजपुरी कविता कुंज—प्र० ज्ञान० मं० लि० वाराणसी १९६४। पृ० सं० ८० मू० १-२५ पैसा। भोजपुरी संसद, वाराणसी के पहिलका अधिवेशन में पढ़ाइल कवितन के संग्रह

साहित्य रामायण—किष्किन्धा, सुन्दर काण्ड—(भोजपुरी) स्व० दुर्गा शंकर प्रसाद सिंह 'नाथ', नव साहित्य मंदिर, रैन बसेरा, दलीपपुर-शाहाबाद सन् १९६४ पृ० २६० मू० ६ रु०।

साहित्य रामायण—अयोध्या कांड, आरण्यकांड—(भोज०) स्व० दुर्गा शंकर प्रसाद सिंह 'नाथ' नव साहित्य मंदिर, रैन बसेरा, दलीपपुर शाहाबाद, सन् १९६६ पृ० सं० २८८ मू० ६ रु०।

साहित्य रामायण—लंका कांड- (भोज०) स्व० दुर्गाशंकर प्रसाद सिंह 'नाथ' नाथ साहित्य मंदिर, रैन बसेरा, दलीपपुर शाहाबाद सन् १९६५ ई० पृ०सं० २०७ मू० सात रु०।

बनारसी बानी- (भोज०) गहरेबाज बनारसी, शनिवार गोष्ठी प्रकाशन। १५ शकरकंद गली, वाराणसी, १९६४ ई० पृ० सं० ६६ मू० २५ पैसे।

बयार पुरवैया—(भोज०) भोलानाथ 'गहमरी' भारती प्रकाशन ६२/१३६ स्वामी विवेकानन्द मार्ग, इलाहाबाद। सन् १९६४ ई० पृ० सं० १२८ मू० ३६० पैसे।

तेग अली और काशिका— सं० रुद्र काशिकेय। ज्ञान मंडल लि०, वाराणसी। सन् १९६४ ई० पृ० सं० १३८ मू० ३ रु०।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

विसराम के बिरहे—सं० ईश्वर चन्द्र सिन्हा, भोजपुरी संसद, वाराणसी। सन् १९६५ ई० मू० १-५० पैसे।

गीत मंजरी—(हिन्दी-भोजपुरी) रचयिता एवं प्रकाशक-विश्वनाथ प्रसाद "शैदा" डुमराँव, शाहाबाद। प्र० का० १९५० ई०। पृ० सं० २०। मू० ४ आने। (ग्रंथकार से प्राप्त सूचनाओं पर आधारित)

चितचोर—रच० प्रका० विश्वनाथ प्रसाद 'शैदा', डुमरांव, शाहाबाद। प्र० का० १९५३।

बदरऊ—रच० प्रका० कैलाशनाथ ओझा, हाई स्कूल, बरेजा, सरन। प्र०का० सन् १९६४ ई० पृ० सं० १६। मू० ४ आने।

जागरण—(भोज०, ब्रज०, हिन्दी उर्दू) रच० प्रका० विश्वनाथ प्रसाद 'शैदा', डुमराँव, शाहाबाद। प्र०का० १९५६ ई०। पृ० सं० ४२ मू० १२ आने।

आपन देश: आपन गीत—विश्वनाथ प्रसाद 'शैदा', डुमरांव, शाहाबाद् प्र० श्रीमती लक्ष्मी देवी, रामप्रसाद मिश्र की गली, डुमरौंव, शाहाबाद। प्र० का० १९६४ ई० मू० ८ आने।

ग्राम गाथा—दूधनाथ शर्मा 'श्याम', प्रका० इन्द्र प्रसाद आजाद, ग्राम बगरा, पो० भाटपार जिला देवरिया प्र० का० १९५८ ई०। पृ० सं० ६४। मूल्य ८ आने!

राहगीर के गीत—(हि०-भोज०) स्व० श्री राहगीर, प्र० राहगीर प्रकाशन, दशाश्व मेध, वाराणसी प्र० का० १९६५ ई०। मू० ३ रु० ८ आने।

पङ्कजनियाँ—जयनन्दन ओझा 'जिया', । प्र० सतीश प्रकाशन, गौरा, शाहाबाद। प्र०का० १९६५ ई०। पृ० सं० १५२ मू० २ रु० ८ माने।

हल्फी—मृगेन्द्र प्रताप सिंह 'श्रमिक' प्रका० जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद १ गोलमुरी बाजार, जमशेदपुर ३। प्रकाशन काल १९६५ ई० पृ० सं० ६४ मू० १ रु०।

कुंवर सिह—चन्द्रशेखर मिश्र, स्वाति प्रकाशन, बुलानाला, वाराणसी मू० १० रु० प्र० का० १९६५ ई०।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

जनगान—(बिहार की लोकभाषाओं के गीतों का संग्रह) प्र० जन-सम्पर्क विभाग। प्र० काल १९६० ई०। पृ० सं० ३२। मू० २५ पैसे।

किरण-बावनी—गणेशदत्त 'किरण' प्र० भोजपुरी साहित्य मंडल, बक्सर, प्र०का० १९६६ ई०। पृ० सं० ४०। मू० १ रु०। (वीर रस के कवितन के संग्रह)।

आदर्श भोजपुरी कविता कुंज—गोवर्धन सिंह, 'गोरक्षहरि' प्र० जमशेदपुर भोजपुरी साहित्य परिषद, गोलमुरी बाजार १। प्र० का० १९६८ ई० पृ० स० ७६ मू० १ रु०।

बीत गइल बरसात— ब्रजकिशोर प्रसाद 'पंकज', प्र० कविता कुंज, देवरिया, महाराजगंज, सारन, प्र०का० १९६७ ई० पृ० सं० ६४ मूल्य २ रुपया।

उमंग—परमेश्वर दूबे 'शाहाबादी'। प्रकाशक पीरो, भोजपुरी साहित्य परिषद (शाहाबाद)। पृ० सं० ४९, मू० १ रु०।

माटी के महँक—रचयिता-प्रकाशक चौधरी कन्हैया प्रसाद सिंह, पृ० सं० ४८ प्र० का० १९६७ ई० मू० १ रु०।

शिव शिव ललित वल्ली— (व्रज-अवधी भोजपुरी) विन्ध्याचल प्रसाद 'ललित', प्र० चम्पारण डिस्ट्रीक्ट बोर्ड प्रेस, मोतिहारी। प्र० का० १९२७ पृ० सं० १३४ मू० ८ आना।

कुणाल—(खंड काव्य) रामवचन लाल श्रीवास्तव। प्र० भारती भवन बागड़ी शाहाबाद। प्रकाशन का० १९५७ पृ० सं० ४५ मू० १ रु०।

नवरत्न—(हिन्दी-भोजपुरी) सम्पादक अम्बिका दत्त त्रिपाठी 'व्यास'। कल्पना प्रकाशन डुमरांव, प्र० काल १९६८ पृ० सं० ६०। मू० १-५० रु०।

कजरौटा—राधा मोहन चौबे 'अंजन', ग्राम अमहीं बांके' पो० कटेया (सारन)। प्रकाशन काल १९६६ ई० पृ० सं० ३४ मू० १ रु०

फुहार— राधा मोहन चौबे 'अंजन' ग्राम अमहीं बांके पो० कटेया (सारन) प्र० का० १९५० पृ० सं० १६ मू० ५० पैसा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

भोजपुरी लोकगीत—ले० विन्ध्यवासिनी देवी, रोड नं० १ क्वार्टर नं० ६ काजीपुर रोड (मछुआटोली) पटना ४, पृ० सं० २८ मू० ५० पैसे।

आज की आवाज—भोजपुरी-हिन्दी, महेन्द्र शास्त्री, प्रकाशक, सूर्यदेव सिंह, योगी कार्यालय प्र०का० १९४०, पृ० सं० ५०, मू० आठ आना।

प्रदीप—(हि० भोजपुरी) महेन्द्र शास्त्री प्र० राहुल पुस्तकालय, रतनपुर।

भकोलवा—(भोज०) महेन्द्र शास्त्री प्र० का० १९२०-२२, प्र० राहुल पुस्तकालय पृ० सं० ५ मू० ४ आना।

उत्तर प्रदेश के लोकगीत—प्र० सूचना विभाग, उत्तर प्रदेश सरकार, लखनऊ प्र०का० १९५९ ई० पृ० २५० मू० ५ रु० २० पैसे।

ललकार—सं० रघुवंश नारायण सिंह, प्र० भोजपुरी कार्यालय, आरा, प्र० का० १९६२ पृ० सं० २४ मू० २५ पैसा।

बबूल के फूल—रमाकान्त सिंह 'रमेश', समाज शिक्षा बोर्ड, विहार, पटना प्र० का० १९६२ पृ० सं० ३६ मू० ५० पै०।

पाँख सतरंगी—जगन्नाथ, पुष्कर प्रकाशन, बक्सर, प्र० का० १९६७ ई० पृ० ५६, मू० दो रु०।

बलिदान की बारी—(भोज०-हिन्दी) प्र० कृष्ण मुरारी शुक्ल, गोरखपुरी कनइल, गोरखपुर प्र० का० १९६५ ई०, पृ० सं० ३२ मू० ७५ पैसे।

भिनसहरा—कुबेरनाथ मिश्र 'विचित्र', भोजपुरी परिषद, भाटपाररानी, देवरिया।

सेमर के फूल—मोती बी. ए.। भोजपुरी संसद, जगतगंज, वाराणसी प्र० काल १९६७ ई० पृ० सं० ८०, मू० ४.५० पैसा।

जीरादेई से सदाकत आश्रम तक—देशरत्न राजेन्द्र प्रसाद पर कविता और गद्य संग्रह प्र० भोजपुरी साहित्य मंदिर, जगतगंज, वाराणसी, मूल्य १.७५ पैसे।

मोती के मुक्तक—मोती बी. ए.। प्र० का० २०२७ वि०, प्रकाशक—भोजपुरी संसद, वाराणसी पृ० सं० ८४, मू० ३-५० पैसे।

बाजे मोरा पायल— गजानन प्रसाद, श्री रघुनाथ प्रसाद, रिमझिम प्रकाशन, बद्रीनाथ लेन, मीठापुर, पटना-१, पृ० सं० ८० मू० २-२५ पैसा।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon.

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

भोजपुरी कवितन के हिन्दी संग्रह

भोजपुरी के कवि और काव्य — ग्रन्थकार स्व० महाराज कुमार दुर्गा शंकर प्रसाद सिंह 'नाथ', विद्यावाचस्पति। सम्पादक डा० विश्वनाथ प्रसाद, प्रकाशक हिन्दी राष्ट्रभाषा परिषद, पटना, सन् १९५८ ई० पृ० सं० ३१९ मू०

आधुनिक भोजपुरी गीत और गीतकार—सं० राहगीर, मधु प्रकाशन चेतगंज, वाराणसी सन् १९५८ ई० पृ० सं० १२५ मू० ३ रु० ८ आना।

भोजपुरी के नये गीत और गीतकार—सं० राहगीर, उदयन प्र० वाराणसी सन् १९६३ पृ० सं० १५९ मू० ६ रु० ५० पैसा।

नाटक साहित्य

देवाक्षर चरित—(हिन्दी-भोज०) रविदत्त शुक्ल, आर्यदेशोपकारी सभा, बलिया, प्र० का० १९८४ ई० काशी नागरी प्रचारिणी सभा, काशी में यह किताब सुरक्षित ।

नागरी विलाप—(हिन्दी-भोजपुरी) रामगरीब चौबे, प्रका० ग्रन्थकार राजकीय पाठशाला, काशी, सन् १८८५ ई० पृ० सं० ३२ मू० २ आना ६ पाई। काशी नागरी प्रचारिणी सभा में सुरक्षित।

जंगल में मंगल —(सम्भवतः हि० भोज०) स्व० रविदत्त शुक्ल, सन् १८९६ ई० बनारस से प्रकाशित। डा० ग्रियर्सन कि लिंग्विस्टिक सर्वे आफ इन्डिया भाग ५, जिल्द २, में वर्णित। काशी नागरी प्रचारिणी सभा में सुरक्षित ।

नयकी दुनिया—(भोज०) महापंडित राहुल सांकृत्यायन, किताव महल इलाहाबाद। पृ० सं० ४०।

RajGuru Math, Shivala, Varanasi Collection. Equipment: Heritage Foundation, Jalgaon

C-0. In Public Domain. Digitization by eGangotri/Sarayu Trust. Funding IKS-MoE-Grant

डुमसुन नेता—(भोज०) म० पं० राहुल सांस्कृत्यायन,, पृ० सं० ४४ किताब महल, इलाहाबाद ।

